भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 3589
उत्तर देने की तारीखः 15.07.2019

ओडिशा में केन्द्रीय विद्यालय

3589. श्री महेश साहूः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तलचर, ओडिशा में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): केंद्रीय विद्यालयों (केवी) को खोलना एक सतत प्रक्रिया है। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्तावों पर तभी विचार किया जाता है जब वे भारत सरकार के मंत्रालयों/राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के विभागों द्वारा प्रायोजित हों और इस प्रकार नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु संसाधनों तथा साथ ही सरकार की अनिवार्य स्वीकृति की उपलब्धता हेतु प्रतिबद्ध हों। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती प्रक्रिया" के अन्तर्गत अन्य प्रस्तावों से भी प्रतिस्पर्धा करनी होती है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि जुलाई, 2018 में प्रधान सचिव, ओडिशा सरकार से तलचर, जिला अंगुल, ओडिशा में नया केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था और जांच के दौरान पाई गई विसंगतियों के बारे में नवंबर, 2018 में राज्य/ जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया था। प्रायोजक प्राधिकरणों द्वारा विसंगतियों को दूर करने के पश्चात् ही इस प्रस्ताव पर आगे कार्रवाई की जा सकती है।

*****